



# जमीन विवाद सुलटाने के लिए पड़ोसी ने ही चलवाईं थी गोलियां

## तीन आरोपी गिरफ्तार, इंदौर से बुलवाए गए 5 बदमाशों की तलाश जारी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 अगस्त. शहर के पॉश मानी जानी वाली चाणक्यपुरी कालोनी में एक व्यवसायी के घर पर हुई फायरिंग की घटना का पुलिस ने 3 दिन में खुलासा कर दिया. इस घटना में जहां 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं इंदौर से बुलाए गए 5 बदमाशों की तलाश की जा रही है. पुलिस के अनुसार जमीनी विवाद का निबटारा करने का दबाव बनाने के लिए पड़ोसी ने अपने पार्टनर के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम दिया गया था.**





पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर की चाणक्यपुरी कालोनी में भागवत प्रसाद गुप्ता के पर रविवार की सुबह नकाबपोश बदमाशों द्वारा फायरिंग किए जाने की घटना का अनावरण पुलिस टीम द्वारा कर लिया गया है. उक्त मामले में पुलिस टीम द्वारा 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. जिनकी पहचान रवि प्रताप सिंह उम्र 45 वर्ष निवासी तिलखण्ड बैकुन्ठपुर रीवा, सुभाष सिंह परिहार उम्र 40 वर्ष निवासी तिलखण्ड बैकुन्ठपुर रीवा और कमल कुमार माटा उम्र 67 वर्ष निवासी चाणक्यपुरी कालोनी के तौर पर हुई है. एसपी श्री गुप्ता ने आगे बताया कि आरोपी कमल कुमार माटा दरअसल भागवत प्रसाद गुप्ता का पड़ोसी है. जबकि रवि सिंह कमल का व्यावसायिक पार्टनर है. एक जमीन को लेकर भागवत गुप्ता और कमल माटा के बीच विवाद चल रहा है. भागवत गुप्ता उक्त जमीन को कमल माटा के नाम पर नहीं कर रहे थे. जिसके चलते कमल और उसका पार्टनर रवि दोनो आक्रोशित थे. चूंकि कमल और रवि दोनों ने उक्त जमीन पर निवेश कर रखा था और विवाद के चलते उसका कोई रिटर्न नहीं मिल पा रहा था. लिहाजा इस मामले का हल निकालने के लिए दोनों ने आपस में चर्चा शुरु की. इस दौरान कमल ने रवि से कहा कि किसी भी तरह भावगत को ऐसा सबक सिखाना पड़ेगा. जिससे वह जमीन उन लोगों के नाम पर कर दे. इस बात पर सहमति बनते ही रवि सिंह ने अपने दूर के रिश्तेदार और ईनामी हिस्ट्रीशीटर बदमाश सुभाष सिंह से संपर्क किया. इसी कड़ी में इंदौर से 5 बदमाशों को बुलाया गया. रविवार की सुबह सुभाष सिंह और इंदौर से आए पांचों बदमाशों ने फायरिंग की घटना को अंजाम दिया और फरार हो गए. एसपी के अनुसार भावगत के पड़ोसी कमल, उसके पार्टनर रवि और रवि के रिश्तेदार सुभाष को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी सुभाष के विरुद्ध डेढ़ दर्जन अपराध पहले से पंजीबद्ध है और उस पर 20 हजार का ईनाम भी घोषित है. जबकि इंदौर से बुलाए गए 5 बदमाशों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है. पुलिस टीम को मिली इस सफलता से गदगद पुलिस अधीक्षक द्वारा ईनाम 10 हजार की घोषणा भी की गई है.

### लखनऊ में नहीं मिला वाहन का सुराग

रविवार की सुबह भागवत गुप्ता के घर पर फायरिंग करने के लिए बदमाश जिस वाहन से आए थे उस पर लखनऊ उप्र की नंबर प्लेट लगी हुई थी. जिसे देखते हुए पुलिस टीम ने वहां पहुंच कर जांच शुरु की. कड़ी मशक्कत करने के बावजूद भी लखनऊ में न तो कोई ऐसा वाहन मिला और न ही मालिक. जिसे देखते हुए पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज की निगरानी का दायरा बढ़ा दिया. जिसका नतीजा यह हुआ कि उसी वाहन में दूसरी नंबर प्लेट लगी पाई गई. लेकिन जब पुलिस टीम ने तलाश शुरु की तो उक्त नंबर प्लेट का वाहन शहर के गहरा नाला क्षेत्र में स्थित एक डेंटर की वर्कशाप में टूटी-फूटी हालत में खड़ा मिला. लेकिन यहां पर केस के डेड एंड पर पहुंचने के बजाए पुलिस टीम को यहीं से लीड मिलनी शुरु हो गई.

### पैलेस विवाद को भुनाने का प्रयास

आरोपियों द्वारा बड़े ही शातिराना तरीके से सारे घटनाक्रम को पूर्व में हुए पैलेस विवाद से जोड़ने की भरपूर कोशिश की गई थी. इसी के चलते वाहन पर लखनऊ की फर्जी नंबर प्लेट लगाई गई थी. रवि के कहने पर सुभाष ने अपने संपर्कों का इस्तेमाल करते हुए इंदौर से 5 बदमाशों को बुलवाया था. बदमाश 2 अगस्त को ही रीवा पहुंच गए थे. आरोपी रवि अगले दिन उन्हें अपने वाहन से सतना लेकर आया. जिसके बाद रवि अपने पार्टनर कमल माटा के घर पहुंच गया और वहां से पड़ोसी भागवत गुप्ता के घर की लाइव लोकेशन देने लगा. जिसके आधार पर लखनऊ की फर्जी नंबर प्लेट लगे वाहन से आरोपी भागवत गुप्ता के घर पहुंचे और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया. घटना के बाद आरोपी सुभाष ने अपने वाहन से 5 बदमाशों को भोपाल तक छोड़ा और फिर वापस लौट आया.

# वापस दिलाए पिछले 10 महीनों में गुमे 255 मोबाइल

## साइबर सेल ने 35 लाख 25 हजार कीमत के मोबाइल खोजे



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 अगस्त. मोबाइल गुम होने की शिकायतें हर रोज बढ़ती ही जा रही थीं। जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा एएसपी शहर और देहात को उक्त मोबाइलों को सायबर सेल की टीम से ट्रेस कराकर उनकी शीघ्र बरामदगी कराने हेतु निर्देशित किया गया। नतीजतन टीम ने कार्रवाई करते हुए 10 महीने में गुम हुए 255 मोबाइल को वापस लौटा दिया गया।**

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशो के परिपालन में प्रभारी सायबर सेल अजीत सिंह द्वारा मोबाइल गुम होने संबंधी प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करने हेतु सायबर सेल की टीम को लगाया गया। सायबर सेल टीम द्वारा उक्त आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से विगत 10 माह में लगभग 35 लाख 25 हजार रूपये कीमत के विभिन्न कम्पनियों के कुल 255 मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया गया। बरामद किये गये मोबाइल एप्पल, सेमसंग, वनप्लस, ओप्पो, वीवो, पोको, टेक्नो, रेडमी, रीयलमी, एमआई, इनफिनक्स, लावा, नथिंग आदि कंपनियों के है। उक्त सभी मोबाइलों को सतना रीवा पन्ना मैहर चित्रकूट दिल्ली, जयपुर, बैंगलोर, उ.प्र., भिण्ड, दतिया, झॉसी, गुजरात, आदि स्थानों से ट्रेस किया जाकर बरामद किये गये थे। उक्त मोबाइलों को सतना पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों व सायबर सेल की टीम द्वारा मोबाइल मालिकों को सुपुर्द किया गया। आवेदकों को मोबाइल वापिस मिलने पर सभी मोबाइल धारकों के चेहरे पर मुस्कान खिल गई, सभी मोबाइल मालिकों द्वारा मोबाइलों के वापस मिलने पर पुलिस अधिकारियों एवं सायबर सेल की टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिसे देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने सायबर सेल की टीम को उक्त सराहनीय कार्य हेतु पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### ऑनलाइन कर सकते हैं शिकायत

सायबर सेल प्रभारी अजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर)पोर्टल के माध्यम से चोरी या गुम हुए मोबाइल की शिकायत ऑनलाईन कर सकते है। सीईआईआर की मदद से मोबाइल को ब्लॉक करने के बाद कोई उसका गलत उपयोग नही कर पाएगा और यदि कोई व्यक्ति मोबाइल का सिम कार्ड बदल कर दूसरी सिम लगाकर मोबाइल का उपयोग करेगा तो उसकी जानकारी पुलिस को मिल जाएगी तथा पुलिस मोबाइल को आसानी से खोज लेगी। मोबाइल गुम या चोरी होने पर इसकी रिपोर्ट नजदीकी थाने पर दर्ज कराएं और फिर सीईआईआरपोर्टल (www.ceir.gov.in) पर जाकर मोबाइल का आईएमईआई नंबर ब्लॉक करें जिससे गुम हुए या चोरी हुए मोबाइल का कोई नई सिम डालकर उपयोग करेगा तो पोर्टल के माध्यम से पुलिस को सूचना मिल जाएगी।

# मरीज से मिलने आए युवक पर चोरी का आरोप, बेदम पिटाई

## तलाशी के दौरान जेब में मिली दो सूखी रोटी और नमक की पुड़िया, जिला अस्पताल में सामने आई अमानवीय घटना

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 अगस्त. सरदार वल्लभ भाई पटेल जिला चिकित्सालय परिसर में एक युवक किसी बीमार परिजन से मिलने अस्पताल आया था. तभी उसे चोरी के शक में पकड़ लिया गया और बिना किसी पुष्टि के उस पर दो युवक टूट पड़े. पहले उसे लात-घूंसों से पीटा गया और जब इससे भी उनका मन नहीं भरा, तो लाठियों से जानवरों की तरह उसकी पिटाई शुरू कर दी गई. लेकिन, जब उसकी तलाशी ली गई तो उसकी जेब से सिर्फ नमक और रोटी निकली.**



जिला अस्पताल परिसर से एक बार फिर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। दरअसल, चोरी के शक में एक ग्रामीण युवक को दो युवकों ने लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा. यह घटना अस्पताल परिसर में सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में घटी, लेकिन किसी ने उसे बचाने की कोशिश नहीं की.बताया जाता है कि वह युवक किसी बीमार परिजन से मिलने अस्पताल आया था. तभी उसे चोरी के शक में पकड़ लिया गया और बिना किसी पुष्टि के उस पर दो युवक टूट पड़े. पहले उसे लात-घूंसों से पीटा गया और जब इससे भी उनका मन नहीं भरा, तो लाठियों से जानवरों की तरह उसकी पिटाइ शुरू कर दी गई. वहीं, इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस का कहना है कि अभी तक मामले की कोई शिकायत नहीं आई है. शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जाएगी

### जेब से निकली सिर्फ रोटी और नमक

घटना के बाद जब घायल युवक की तलाशी ली गई, तो उसकी जेब से केवल दो सूखी रोटियां और नमक की पुड़िया मिली. यह देख वहां मौजूद लोग दंग रह गए. मारपीट करने वाले युवक यह देखकर मौके से फरार हो गए, जबकि पीड़ित युवक लहूलुहान हालत में अस्पताल परिसर में ही पड़ा रहा. मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पीड़ित युवक पूरी तरह ग्रामीण लग रहा था और वह अस्पताल में भर्ती अपने किसी परिजन से मिलने आया था.

### किसी ने नहीं की बचाने की कोशिश

युवक पर बिना किसी पुष्टि के चोरी का आरोप लगा दिया गया. इसके बाद बर्बर तरीके से उसे मारा पीटा गया, लेकिन उस दौरान किसी ने भी उसे बचाने की कोशिश नहीं की. जब तलाशी में युवक के पास से नमक-रोटी के अलावा कुछ नहीं निकला देखने वाले भी भावुक हो गए और झूठा इल्जाम लगाकर उसकी पिटाई करने वालों पर लानतें भेजते नजर आए. मामले का शर्मनाक पहलू यह रहा कि एक बेगुनाह पिटता रहा और लोग देखते रहे.

# उप्र पुलिस की अभिरक्षा में बंदी की तबीयत बिगड़ी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 अगस्त. उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिला जेल से हत्या के आरोपी यकीन (32) को उत्तर प्रदेश पुलिस, रीवा न्यायालय में पेशी के लिए लेकर गई थी। वापस आते वक्त शाम को रास्ते में ढाबे पर खाना खाने के बाद यकीन की अचानक तबियत बिगड़ गई। जिसके चलते उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार यकीन के मुंह से झाग आने लगा और वह बेहोश हो गया। आनन-फानन में बंदी को सतना जिला अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां पर उसका इलाज जारी है।उत्तर प्रदेश पुलिस इस मामले में कुछ भी बताने से परहेज कर रही है। जिला अस्पताल के मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि यूपी पुलिस मरीज को अर्ध बेहोशी की हालत में सतना जिला अस्पताल लेकर आई थी। डॉक्टर सिंह के अनुसार अभी भी मरीज अर्ध बेहोशी की हालत में है। उसे पूरी तरह होश नहीं आया है। हालांकि उसका बीपी और पल्स सामान्य है। मरीज की वास्तविक स्थिति उसके होश में आने के बाद ही पता चलेगी।

# कुएं में डूबने से मासूम की मौत

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 अगस्त. जिले के उचेहरा थाना अंतर्गत बांधी गाव में स्थित कुएं में डूबने से 6 वर्षीय मासूम की मौत हो गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना उंचेहरा अंतर्गत बाँधी गाव में दोपहर करीब 2 बजे के आस-पास संजय चौधरी पिता राजेश चौधरी उम्र 6 वर्ष आंगन में खेलते हुए शासकीय कुआ में जा गिरा। यह देख वही पर खड़े ग्रामीण तत्काल कुएं में छलांग लगा कर बचाने का प्रवास किया लेकिन कुआ गहरा होने की वजह से काटा डाल बाहर निकाला गया। जिसे गाव के उपसरपंच शिवराज सिंह शिब्बू व उनके चाचा पूर्व सरपंच अमर सिंह के द्वारा अपने वाहन में लाद इलाज वास्ते उंचेहरा अस्पताल लाया गया।जहां डॉक्टरों ने नब्ज देखते ही मृत घोषित किया।

मामले की सूचना उंचेहरा थाने में दी गई। खबर लगते ही पुलिस उंचेहरा अस्पताल पहुंच गई । मर्ग कायम कर पुलिस विवेचना में जुट गई है।

# बस की चपेट में युवक घायल पुलिस से कार्रवाई की मांग

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 अगस्त. सतना -रीवा रोड बस स्टैंड स्थित शिवम होटल के पास एक युवक बस की जबरदस्त ठोकर से घायल हो गया. जिसकी शिकायत कोलगवां थाने में की गई है. बस की इतनी जबरदस्त ठोकर की दहशत से युवक बोल पाने में असमर्थ हो रहा है. फरियादी का आरोप है वाहन चालक के खिलाफ कोलगवां पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही.**



गौरतलब है कि गत दिवस 5 अगस्त को जन शिक्षण संस्थान से ड्यूटी करके आपने घर नई बस्ती जा रहे युवक सुरेंद्र सोंधिया पिता मोलई प्रसाद सोंधिया को बस स्टैंड स्थित शिवम होटल के पास बस क्रमांक एमपी 19 26 65 भारती ट्रेवल्स के लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए युवक को जबरदस्त ठोकर मार दी. ठोकर इतनी जबरदस्त थी कि युवा काफी दूर जा गिरा. शाम को करीब 5.00 से 6.00 बजे की घटना है प्रत्यक्ष दर्शियों का कहा कि उक्त वाहन के अगले पहिए से जबरदस्त ठोक लगी. अगले पहिए के बीच में फंस गया. जब लोगों ने शोर मचाया तब जाकर वाहन खड़ा हुआ. सुरेंद्र सोंधिया किसी कदर बीच सड़क से लुढ़कते हुए किनारे हुआ. अप्रिय घटना होते होते बच गई. हालांकि बस चढ़ने से सुरेंद्र सोंधिया की साइकिल चकनाचूर हो गई. सुरेंद्र सोंधिया के पिताजी ने बताया कि वाहन की जबरदस्त ठोकर की दहशत से बालक बोल पाने में असमर्थ हो रहा है. चलने फिरने में भी परेशानी है पुलिस अधीक्षक को सौंप गए आवेदन में वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है.

# विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर नुक्कड़ नाटक का मंचन

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 अगस्त. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सतना के इंटर्न्स द्वारा जिला अस्पताल, सतना एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केन्द्र, नई बस्ती में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर दिनांक 06.08.2025 को नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया।**




नुक्कड़ नाटक के माध्यम से इंटर्न्स ने स्तनपान के महत्व और इसके प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। स्तनपान शिशु के लिए पहला और सर्वोत्तम पोषण है, जो जन्म के तुरंत बाद उसे रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रदान करता है और कुपोषण से बचाता है। माताओं के लिए भी यह लाभकारी है, क्योंकि स्तनपान कराने से उनके शरीर में हार्मोन संतुलित रहते हैं और प्रसवोत्तर रक्तस्राव कम होता है। इससे मां और बच्चे के बीच भावनात्मक जुड़ाव भी मजबूत होता है।

इस कार्यक्रम का आयोजन डीन डॉ. शशिधर प्रसाद गर्ग एवं सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अम्बरीष मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डॉ. योगेश शुक्ला, डॉ. महेश गुप्ता, डॉ. पुष्पेन्द्र साहू, डॉ. सपना तिवारी, डॉ. मुर्छना प्रधान, डॉ. प्रियांशी नामदेव एवं डॉ. शुभम सक्सेना सहित अन्य डॉक्टर भी उपस्थित थे।

# टायरों में भरे पानी में मिले डेंगू के लार्वा

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 अगस्त. निरीक्षण कर रही मलेरिया की टीम जब एक दुकान में पहुंची तो वहां पर दर्जनों टायर में पानी भरा मिला। जांच करने पर टायर में भरे पानी में काफी मात्रा में डेंगू के लार्वा पाए गए। जिसे देखते हुए दुकानदारों की समझाइश दी गई।**

मलेरिया टीम द्वारा शकील टायर हाउस जो ट्रांसपोर्ट नगर में स्थित है की दुकान में जब टीम पहुंची तो वहां रखे हुए दर्जनों टायर में पानी भरा हुआ पाया गया। भरे हुए पानी में काफी मात्रा में डेंगू के लारवा पाए गए जिसे मौके पर ही दुकानदार को बुलाकर समझे देते हुए तत्काल पानी को पलटा गया। इसी प्रकार किरण व्यवसाय कान्हा किराना स्टोर के अंदर रखे हुए फ्रिज के पीछे जहां पर पानी एकत्रित होता है उसमें भी डेंगू के लारवा पाए गए.

# केंद्रीय मंत्री मंडविया से मुलाकात कर स्टेडियम लोकार्पण का दिया आमंत्रण

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 अगस्त. सांसद गणेश सिंह ने देश के खेल एवं युवा मामले तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया से संसद में बुधवार की दोपहर उनके कक्ष में मुलाकात की.**



उन्हें सतना में विश्व स्तरीय नॉर्म्स के जो स्टेडियम और स्पोर्ट्स कंपलेक्स बनाए गए हैं. वहां पर बड़ी संख्या में खिलाड़ी खेलने आते हैं, लेकिन केंद्र सरकार का कोई प्रशिक्षण केंद्र नहीं है, जल्द से जल्द सतना में एक प्रशिक्षण केंद्र दिये जाने की मांग की है। साथ ही सांसद ने बढ़ते हुए रोजगार को देखते हुए जैसा कि देश के विभिन्न हिस्सों में राष्ट्रीय रोजगार मेले लगाए जाते हैं.इस तर्ज पर लोकसभा क्षेत्र सतना में भी एक वृहद रोजगार मेला लगाया जाने की मांग भी केंद्रीय मंत्री के सामने रखी है।

### जल्द शुरू होगा ईएसआईसी अस्पताल का निर्माण

केंद्रीय मंत्री ने दोनों समस्याओं के साथ ही पिछले दिनों श्रमिकों के चिकित्सा के लिए 100 बिस्तर का बीमा चिकित्सा अस्पताल सतना में स्थापित किए जाने जो स्वीकृति पूर्व केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव को 2023 में दिया था, उस अस्पताल के भवन निर्माण के लिए वर्तमान श्रम मंत्री श्री मंडविया ने आदेश जारी किया है तथा अस्पताल बनाए जाने को भूखंड की मांग की है, उसके अनुसार जिला प्रशासन ने भूमि आरक्षित कर लिया है और बहुत जल्द ही अस्पताल के निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा,

# जल जनित बीमारियां रोकने को लेकर करें सघन निगरानी

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 6 अगस्त. आयुक्त, नगर निगम शेर सिंह मीना द्वारा बुधवार को स्वास्थ्य एवं पेयजल शाखा की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त, नगर निगम सतना द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर जल जमाव की स्थिति है उन स्थानों में पानी निकासी की व्यवस्था की जाए।**



यदि पानी निकासी की व्यवस्था संभव न हो तो उन स्थानों पर दवाई का छिड़काव किया जाए तथा हैण्डपम्पो, पावर पम्पों के समीप के गढ्ढों से जल निकासी की व्यवस्था की जाए ताकि जल जनित बीमारी न हो सके। इसी के साथ ही यह निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर नाली की निकासी की जाए वहाँ से कचरे का तत्काल निस्तारण किया जाए।

स्वास्थ्य अधिकारी यह सुनिश्चि करें कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण की गाड़ियाँ प्रतिदिन वार्डों से कचरा संग्रहण करें। यदि कोई कचरा गाड़ी खराब है तो तत्काल दूसरी कचरा गाड़ी वार्डों में भेजवाई जाए। कचरा परिवहन की गाड़ियों में अनिवार्य रूप से हरी जाली लगाई जाए जाकर ही कचरा परिवहन किया जाए।

## एक नजर में



### कल्याणी क्लब की आओ राखी बनाएं वर्कशॉप

सतना । कल्याणी क्लब की अध्यक्ष पूनम रल्लन एवं संरक्षक रीमा कैला के नेतृत्व में सिंधी कैंप गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में राखी बनाएं वर्कशॉप आयोजित किया गया । निबंध का जजमेंट अनीता शर्मा ,रुचिका खेड़ा द्वारा किया गया। इस अवसर पर रेखा कैला द्वारा प्रिंसिपल घनश्याम मिश्रा, खुशबू ताम्रकार एवं विद्यालय की अध्यापिकाओं सविता सिंह उषा नागर को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया गया प्रतियोगिता के सभी प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अन्नपूर्णा शुक्ला, नीरजा सिंह ,ज्योति नायक समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### रोटरी क्लब ने छात्राओं को समझाया स्तनपान का महत्व

**सतना।** रोटरी क्लब सतना एवं अनुपमा एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय शासकीय कन्या उच्च .माध्यमिक विद्यालय, धवारी में एक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 400-500 छात्राओ को स्तनपान के महत्व पर विस्तृत जानकारी कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रोटे . डॉ व्ही के गांधी और रोटे . डॉ सुनील खारकुर द्वारा दी गई विद्यालय के प्राचार्य डी पी मिश्रा अनुपमा एजुकेशन सोसाइटी की श्रीमति शैला तिवारी बिड़ला हॉस्पिटल की मुख्य चिकित्सक रोटे . डॉ रेखा माहेश्वरी मंचासीन रहे .रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटे .डॉ सुनील अग्रवाल द्वारा सभी का स्वागत किया गया संचालन सचिव पवन गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में क्लब के अध्यक्ष डॉ सुनील अग्रवाल, पवन गुप्ता ,राजीव अग्रवाल, सुशील शर्मा, हरिओम गुप्ता, डॉ रजनीश जैसवाल,अशोक गुप्ता ,संदीप जैन, राजीव गर्ग सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे , कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।




### प्रणामी महिला मंडल ने पद्मावती पुरीधाम के किए दर्शन

**सतना।** प्रणामी महिला मंडल सतना ने रविवार 3 अगस्त को पद्मावतीपुरी धाम पन्ना की तपोभूमि पहुंच कर दर्शन के साथ संगीतमय भजन किर्तन किए। महिला मंडल की सदस्यों ने देश के प्रसिध्द महारानी जू मंदिर पहुंच कर भजन किर्तन के साथ पूजा अर्चना के साथ गरवा किया।



CMYK